दैनिक
न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना- राशिफल

रायगढ़, शुक्रवार 28 फरवरी 2020

www.nyaysakshi.com

संपादकीय

उम्मीदों का खाक होना

आंखों में सुनहरे सपनों को लिये घरों से दूर दिन-रात एक करके पढ़ने के लिए आये बच्चे यदि इंसानी लालच में होम हो जाएं तो निश्चय यह हृदय-विदारक है। उनके परिवार के लिए यह किसी वज्रपात से कम नहीं है कि हंसती-खेलती उम्मीदें बेमौत मारी जाएं। चंडीगढ़ के एक पीजी में हुए अग्निकांड में तीन छात्राओं की मौत बताती है कि चंद रुपयों के लालच में पीजी संचालक किस हद तक जा सकते हैं। मकान में छात्रों की मजबूरी का फायदा उठाकर मुर्गी के दड़बे जैसे बीसियों केबिन बनाये गये थे, जो शॉर्ट-सर्किट से लगी आग के चलते स्वाह हो गए। आग की चपेट में आकर तीन उम्मीदों की प्रतिभाएं लालच की भट्टी में होम हो गईं। निःसंदेह इस घटना से चुस्त-दुरुस्त व्यवस्था का दावा करने वाले चंडीगढ़ प्रशासन की भी पोल खुली है कि तमाम शिकायतों के बावजूद यह अवैध पीजी कैसे चल रहा था। इससे पहले भी स्थानीय लोगों ने पीजी संचालक की अनियमितताओं की शिकायतें की थी। पीजी संचालक अनियमितताओं के चलते पहले गिरफ्तार भी हुआ और अदालत में जुर्माना भी भरा, मगर उसके बावजूद पीजी बदस्तूर चलता रहा। यदि समय रहते पुलिस-प्रशासन कार्रवाई करता तो शायद तीन बेटियों को यूं जीवन न गंवाना पड़ता। विडंबना देखिये कि शार्ट-सर्किट से आग लगने की घटनाएं इस पीजी में पहले भी हो चुकी थीं। इसके बावजूद मोटी रकम वसूलने वाले पीजी संचालक ने फुलप्रूफ विद्युत व्यवस्था बनाने की कोशिश नहीं की। उसका मकसद सिर्फ दूर-दराज के इलाकों से सुनहरे सपने लेकर चंडीगढ़ पढ़ने आये छात्र-छात्राओं को उलटे उस्तरे से मूंडना ही होता है। इन मासूमों की जिंदगी की कोई फि होती तो बिजली की तारों को किसी दुर्घटना के लिए यूं ही नहीं छोड़ा जाता। निःसंदेह यह दुखद हादसा इंसानी लालच की इंतिहा को भी उजागर करता है जो किसी की मुश्किल का फायदा उठाकर सिर्फ और सिर्फ अपनी ही तिजोरी भरने में लगे रहते हैं।

ज्यादा दिन नहीं हुए जब गुजरात की आर्थिक राजधानी सूरत में एक चार मंजिले कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में आग लगने से एक कोचिंग्स इंस्टीट्यूट में 17 छात्राओं समेत 21 छात्र अग्निकांड में मारे गये थे। जान बचाने के लिए छत से कूदते बच्चों के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। शासन-प्रशासन की लापरवाही की पराकाष्ठा देखिये कि चौथी मंजिल अवैध रूप से बनायी गई थी। जब फायर ब्रिगेड दल बचाव के लिए पहुंचा तो उसके पास इतनी लंबी सीढ़ी नहीं थी, जो चौथी मंजिल तक पहुंच सके। जल्दी ही फायर ब्रिगेड के टैंकर का पानी खत्म हो गया और दुबारा पानी लाने बीस किलोमीटर दूर जाना पड़ा था। यह आपराधिक लापरवाही केवल कोचिंग्स क्लासेस या भवन के नियमन में ही नहीं होती बल्कि राहत-बचाव में मजाक ही होता है। आखिर अग्निशमन विभाग ऐसे भवनों का मुआयना क्यों नहीं करता, जहां मासूम अपने सपनों को पूरा करने के लिए जान जोखिम में डाल पढ़ने जाते हैं।

शफाली वर्मा ने वुमेंस टी20 में सबसे तेज रन बनाने का बनाया रिकॉर्ड

मेलबर्न। महिला क्रिकेट में लेडी सहवाग के नाम से जानी जाने वाली भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज शफाली वर्मा ने एक बड़ा इतिहास रचा है। महज 16 साल की शफाली वर्मा आइसीसी वुमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2020 में जिस तरह से गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा रही हैं, उससे एक भी बार ऐसा नहीं लगता कि वे युवा खिलाड़ी हैं।

एक परिपच्च बल्लेबाज की तरह ओपनिंग करने वालीं शफाली वर्मा ने वुमेंस टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे तेज रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया है। बैटिंह सेंसेशन शफाली वर्मा का वुमेंस टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा स्ट्राइकरेट है। शफाली वर्मा ने 147.97 के स्ट्राइकरेट से वुमेंस टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 438 रन अब तक बनाए हैं। वुमेंस टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में अपने करियर में किसी भी बल्लेबाज ने 400 से ज्यादा रन इतनी तेज गति से नहीं बनाए हैं। इस मामले में शफाली ने साउथ अफ्रीका की Chloe Tryon और ऑस्ट्रेलिया की एलीसा हीली को पीछे छोड़ा है।

बता दें कि आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में आज भारत और न्यूजीलैंड आमने-सामने हैं। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया ने निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 133 रन बनाए। न्यूजीलैंड को मैच जीतने के लिए 134 रनों का लक्ष्य मिला है। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना सिर्फ 11 रन बनाकर आउट हो गई। मंधाना के साथ ओपनिंग करने आई तूफानी बल्लेबाज शफाली वर्मा ने हालांकि दूसरे छोर पर विकेट बचाए रखा लेकिन वे 46 रन के निजी स्कोर पर आउट हो गईं।

वहीं न्यूजीलैंड के लिए रोजमेरी मैयर और अमेलिया केर ने 2-2 विकेट चटकाए। वहीं दूसरी ओर कप्तान सोफी डिवाइन, लेई कास्पेरेक और ली ताहूहू को एक-एक विकेट मिला। बताते चलें कि मौजूदा टूर्नामेंट में टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश को हरा चुकी हैं। उधर, न्यूजीलैंड भी अपने शुरुआती मैच में श्रीलंका को 7 विकेट से रौंद चुकी है।

सेंसेक्स 300 अंक लुढ़का, निफ्टी में भी 100 अंकों की गिरावट

मुंबइ (आरएनएस)। विदेशी बाजारों से मिले कमजोर संकेतों से घरेलू शेयर बाजार में गुरुवार को बिकवाली का दबाव बढ़ जाने से सेंसेक्स आरंभिक कारोबार के दौरान 300 अंक से ज्यादा लुढ़का और निफ्टी में भी 100 अंक से ज्यादा टूटा।

बंबई स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई के शेयरों पर आधारित प्रमुख संवेदी सूचकांक सेंसेक्स सुबह 9.59 बजे पिछले सत्र से 309.13 अंकों की गिरावट के साथ 39,579.83 पर कारोबार कर रहा था। सत्र के आरंभ में सेंसेक्स हालांकि पिछले सत्र से बढ़त के साथ 39,947.80 पर खुला लेकिन बिकवाली के दबाव में लुढ़क कर 39,567.13 पर आ गया। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के 50 शेयरों पर आधारित प्रमुख संवेदी सूचकांक निफ्टी सुबह 10.07 बजे पिछले सत्र से 110.30 अंकों की गिरावट के साथ 11,568.20 पर कारोबार कर रहा था। इससे पहले निफ्टी कमजोरी के साथ 11,661.25 पर खुला और 11,663.85 तक चढ़ने के बाद जल्द ही फिसलकर 11,568.15 पर आ गया।

कोरोना वायरस का प्रकोप चीन के बाहर अन्य देशों में फैलने के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव की आशंकाओं के बीच बाजार में बिकवाली का दबाव बना हुआ है।

राइट्स का ओएफएस खुला, शेयर पांच प्रतिशत टूटा

नयी दिल्ली (आरएनएस)। सरकार की रेलवे के सार्वजनिक उपक्रम राइट्स में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी बिक्री के लिए बिक्री पेशकश (ओएफएस) गुरुवार को खुला। ओएफएस के लिए न्यूनतम कीमत 298 रुपये प्रति शेयर तय की गई है। यह बुधवार को शेयर के बंद मूल्य 318.05 रुपये से छह प्रतिशत कम है। सरकार कंपनी में पांच प्रतिशत हिस्सेदारी बेच रही है। इसके अलावा पांच प्रतिशत के अतिरिक्त अभिदान को रखने का भी विकल्प है। इस तरह निर्गम का कुल आकार 10 प्रतिशत बैठेगा। संस्थागत निवेशकों के लिए शेयर बिक्री बृहस्पतिवार को खुली। खुदरा खरीदार शुक्रवार को अपनी बोलियां लगा पाएंगे। फिलहाल राइट्स में सरकार की हिस्सेदारी 77.39 प्रतिशत है। इस शेयर बिक्री के बाद कंपनी भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की न्यूनतम सार्वजनिक हिस्सेदारी की अनिवार्यता को पूरा कर पाएगी। बंबई शेयर बाजार में राइट्स का शेयर 4.90 प्रतिशत के नुकसान से 302.45 रुपये पर चल रहा था।

आईपीएल-2020 में वार्नर करेंगे सनराइजर्स की कप्तानी

नई दिल्ली। आस्ट्रेलिया के सालमी बल्लेबाज डेविड वार्नर एक बार फिर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी करते हुए नजर आएंगे। फ्रेंचाइजी ने लीग के आगामी सीजन के लिए बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को टीम का कप्तान नियुक्त किया है। वार्नर को 2018 में केपटाउन में हुए बॉल टेम्परिंग विवाद के कारण आईपीएल में नहीं खेलाया गया था और टीम की कप्तानी भी छीन ली गई थी। फ्रेंचाइजी ने यह कदम क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) द्वारा वार्नर पर एक साल के प्रतिबंध के बाद लिया था। सीए ने वार्नर को कप्तानी से भी प्रतिबंधित कर रखा है।

वार्नर 2019 में आईपीएल में केन विलियम्सन की कप्तानी में खेले थे। वार्नर ने सनराइजर्स द्वारा ट्वीटर पर पोस्ट किए गए मैसेज में कहा, मैं आईपीएल-2020 में कप्तानी मिलने से बेहद खुश हूं। केन और भुवनेश्वर ने

जिस तरह के बीते वर्षों में टीम की कप्तानी की मैं उसके लिए इन दोनों का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। आप दोनों ने शानदार काम किया। मुझे आप दोनों के समर्थन की जरूरत होगी। साथ ही मुझे मौका देने के लिए टीम प्रबंधन का शुक्रिया। वार्नर की कप्तानी में ही सनराइजर्स ने 2016 में आईपीएल खिताब जीता था।

शुरुआती कारोबार में रुपया पांच पैसे मजबूत

मुंबई (आरएनएस)। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और अन्य मुद्राओं की तुलना में डॉलर में कमजोरी से गुरुवार को शुरुआती कारोबार में रुपया पांच पैसे की बढ़त के साथ 71.60 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। फॉरेक्स डीलरों ने कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और अन्य मुद्राओं की तुलना में डॉलर के कमजोर पड़ने से रुपये की धारणा मजबूत हुई। अंतर बैंक विदेशी विनिमय बाजार में रुपया 71.65 प्रति डॉलर पर खुला। उसके बाद यह और मजबूत होकर 71.60 प्रति डॉलर तक पहुंचा। बुधवार को रुपया 71.65 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

हीरो मोटोकॉर्प ने पेश की बीएस-6 सुपर स्प्लेंडर

नयी दिल्ली (आरएनएस)। देश की सबसे बड़ी दोपहिया वाहन कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने गुरुवार को अपनी 'सुपर स्प्लेंडर' मोटरसाइकिल का बीएस-6 संस्करण पेश किया। दिल्ली में इसकी एक्स-शोरूम कीमत 67,300 रुपये से शुरू होगी।साथ ही कंपनी ने जानकारी दी कि उसने अपने सभी बीएस-4 वाहनों का उत्पादन बंद कर दिया है।कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि बीएस-6 उत्सर्जन मानक के अनुकूल सुपर स्प्लेंडर में 125 सीसी का इंजन है जो 10.73 अश्वशक्ति की क्षमता पैदा करता है। यह इसी मोटरसाइकिल के पुराने संस्करण से 19 प्रतिशत अधिक है।कंपनी ने इसे साधारण ब्रेक और डिस्क ब्रेक में उतारा है जिनकी कीमत क्रमश- 67,300 रुपये और 70,800 रुपये है। इसके अलावा इनमें सेल्फ स्टार्ट और अलॉय पहिये भी हैं।इस मौके पर कंपनी के वैश्विक उत्पाद योजना प्रमुख मालो ला मैसन ने कहा, ''सुपर स्प्लेंडर देश में सबसे लोकप्रिय मोटरसाइकिल बनी हुई है और हमें उम्मीद है कि बीएस-6 मानक वाली सुपर स्प्लेंडर के साथ भी यह रुख और मजबूत होगा।

स्कोडा आटो ने ओक्टाविया आरएस 245 उतारी, कीमत 35.99 लाख रुपये

नयी दिल्ली (आरएनएस)। स्कोडा आटो ने गुरुवार को अपना सीमित संस्करण ओक्टाविया आरएस 245 मॉडल उतारा है। इसकी शोरूम कीमत 35.99 लाख रुपये है। इस वाहन की आनलाइन बुकिंग एक मार्च से शुरू होगी। कंपनी ने बयान में कहा कि इस वाहन की बुकिंग एक लाख रुपये के शुल्क के साथ की जा सकेगी। मॉडल 245 की सीमित 200 इकाइयों की बिक्री कंपनी के केंद्रीयकृत प्लेटफार्म के जरिये की जाएगी। ओक्टाविया आरएस 245 में दो लीटर का पेट्रोल इंजन लगा है। जो सात स्पीड के आटोमैटिक ड्यूल क्लच ट्रांसमिशन से जुड़ा है। यह शून्य से 100 किलोमीटर की रफ्तार 6.6 सेकंड में पकड़ सकती है। इलेक्ट्रॉनिक रूप से इसकी अधिकतम रफ्तार 250 किलोमीटर प्रति घंटे की है।

टाइगर श्रॉफ की डेब्यू फिल्म हीरोपंती की बनने जा रही सीक्वल

टाइगर श्रॉफ ने की पहली फिल्म थी हीरोपंती और इसमें उनके साथ नजर आई थीं कृति सैनन। अब ऐसा लग रहा है कि फैन्स को जल्द ही इस फिल्म का सीक्वल देखने को मिल सकता है। जी हां, लेटेस्ट रिपोर्ट्स की मानें तो कहा यही जा रहा है कि टाइगर की बॉलिवुड डेब्यू के सीक्वल की तैयारी हो रही है।

एक ऑनलाइन रिपोर्ट की मानें तो हीरोपंती मेकर्स ने इस फिल्म को फ्रैंचाइजी में बदलने के बारे में पिछले कुछ समय से सोच रहे हैं। अब ऐसा लग रहा है कि उन्हें फाइनली इस फिल्म के लिए मजेदार स्क्रिप्ट मिल गया है, जो इसकी कहानी आगे बढ़ाने के लिए फिट है। कहा यह भी जा रहा है कि इस सीक्वल में लीड रोल में टाइगर ही होंगे और इस फिल्म की तैयारी मई 2020 में शुरू होगी। हालांकि, इस फिल्म में लीड ऐक्ट्रेस कृति ही होंगी या फिर कोई और इसकी चर्चा नहीं है। बता दें कि टाइगर फिलहाल अपनी अगली फिल्म बागी 3 की तैयारी में जुटे हैं। इसी बीच कहा यह भी जा रहा है कि वह हॉलिवुड फिल्म रैम्बो के हिन्दी रीमेक का काम भी शुरू करेंगे, जिसका निर्देशन सिद्धार्थ आनंद करेंगे। इसलिए ऐसा लग रहा है कि यह फिल्म आगे बढ़ा दी गई है।

फिल्म में प्रकाश राज के अलावा कृति सेनन और टाइगर श्रॉफ जैसे नए कलाकार थे, फिर भी इस फिल्म ने पहले हफ्ते के अंत में 21 करोड़ की कमाई कर ली थी। केवल 25 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने महज ओपनिंग वीकेंड में ही 21 करोड़ कमा लिए और इसी वजह से यह उस साल की हिट फिल्मों की लिस्ट में शामिल हो गई।

मेरा जीवन उबाऊ है, मुझ पर बायोपिक नहीं चलेगी : महेश बाबू

तेलुगू सुपरस्टार महेश बाबू का कहना है कि उन पर कोई बायोपिक नहीं चलेगी, क्योंकि उनका जीवन बेहद सरल और उबाऊ है।

महेश से पूछा गया कि अगर उनके जीवन पर एक बायोपिक बनाई जाए, तो इसकी मुख्य भूमिका कौन निभाएगा। महेश ने बताया, मेरा एक बहुत ही सरल और उबाऊ जीवन है। मुझे नहीं लगता कि मुझ पर कोई बायोपिक चलेगी। इसके अलावा महेश से प्रश्न पूछा गया कि एक फिल्म के सेट से किसी एक ऐसे यादगार पल के बारे में बताएं जो वह हमेशा के लिए याद रखेंगे।

इस पर महेश ने कहा, मैं फिल्म सेट नहीं कहूंगा, लेकिन जब 2001 में मुरारी रिलीज हुई तो मैं अपने पिता के साथ सुदर्शन 35 एमएम थिएटर गया और सुबह का शो देखा।

उस फिल्म के खत्म होने के बाद मेरे पिताजी ने मेरे कंधे पर हाथ रखा। यह एक ऐसा क्षण था, जिसे मैं कभी नहीं भूल सकता। महेश के अनुसार, एक बेहतरीन डेट की योजना हो तो वह अपनी पत्नी के साथ कोई बेहतरीन फिल्म देखना चाहेंगे।

आज का राशिफल

मेष : राशि का स्वामी मंगल-पापग्रहों की संगति में है। कड़वाहट को मिठास में बदलने की कला आपको सीखनी पड़ेगी।

वृषभ : आज का दिन संतोष और शांति का है। राजनैतिक क्षेत्र में किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी।

मिथुन : किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने का भय बना रहेगा।

कर्क : चंद्रमा दशम भाव में उत्तम संपत्ति का संकेत कर रहा है। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

सिंह : राशी का स्वामी सूर्य चार ग्रहों के बीच में आ गया है। आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता आपको सम्मान दिलाएगी।

कन्या : रोजगार व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी।

तुला : आज आपके चारों ओर सुखद वातावरण रहेगा। घर-परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेगी।

वृश्चिक : आपकी राशि से तृतीय शनि एवं पंचम चन्द्र योग अभी सात दिन और चलेगा।

धनु : आज आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। शासन सत्ता पक्ष से निकटता व गठजोड़ का लाभ भी मिलेगा।

मकर : आज पारिवारिक व आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगा। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे।

कुंभ : आज आपके स्वास्थ्य सुख में व्यवधान आ सकता है। राशि का स्वामी शनि क्योंकि मार्गी उदय चल रहा है।

मीन : आज का दिन संतान की चिंता तथा उनके कामों में व्यतीत होगा। दाम्पत्य जीवन में कई दिन से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो जाएगा। बहनोई और साले से आज लेन-देन न करें संबंध खराब होने का खतरा है।

जानिए टोमॉटो केचअप बनाने की विधि

सामग्री

टमाटर- 2.5 किलो
लहसुन- 15-16 कलियां
अदरक- 3 इंच का टुकड़ा
लाल मिर्च- 5-7 (सूखी हुई)
किशमिश- 1/2 कप
सफेद सिरका- 1/2 कप
रॉक सॉल्ड- 1टेबलस्पून
रिफाइन्ड शक्कर- 6-7 टेबलस्पून
सोडियम बेंजोएट- 1/4 टेबलस्पून

विधि

सबसे पहले सभी टमाटर को अच्छे से धोकर बारीक काट लें। - अब एक 5 लीटर के प्रेशर कुकर को गैस पर रखें। उसमें टमाटर, अदरक, लहसुन, किशमिश, सिरका, शक्कर और आधी तोड़ी हुई सूखी लाल मिर्च डालें। कुकर को बिना ढक्कन लगाएं 10 से 15 मिनट तक पकाएं। थोड़ी देर लगातार चलाने के बाद ढक्कन लगा कर 1 सीटी बजने तक पकाएं। इसके बाद ढक्कन खोलकर लगभग 30

मिनट के लिए तक ये गैस पर चलाते रहें। जब सारा मिश्रण पक जाएं तो उसे गर्मा-गर्म ही ब्लेंडर की मदद से ब्लेंड कर थिक सा पेस्ट बना लें। अब इसे छन्नी से छान लें। तैयार सॉस में थोड़ी सी रिफाइन्ड शुगर और डालें। इसे गाढ़ा होने तक 20 से 30 मिनट तक पकाएं। अब 1 टेबलस्पून गर्म पानी में सोडियम बेंजोएट मिक्स करें। इसे तैयार गर्म टमाटर की सॉस में डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। आपकी टोमैटो सॉस बनकर तैयार है इसे आप एयर टाइट कंटेनर में भर कर कई दिनों तक स्टोर कर सकते हैं। जब आपका मन करें अपनी मनपसंद डिश बनाकर इस कैचअप के साथ उसे खाने का मजा उठाए।

शब्द सामर्थ्य- 47

बाएं से दाएं
1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकुल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

ऊपर से नीचे
1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 46 का हल

ज	ल	■	आ	वा	जा	ही	■	■
मा	■	खू	ब	■	दू	र	स्थ	■
ना	दा	न	■	सा	ग	■	ल	क्ष्य
■	न	ख	■	त	र	ल	■	■
■	वी	रा	न	■	■	च	ट	क
■	र	ब	■	आ	ज	क	ल	■
■	■	■	आ	ग	■	दा	ना	■
■	अ	ग	र	म	ग	र	■	क्रो
भा	भी	■	ती	न	■	■	व	ध

सू-दोकू- 47

	6	3		8		1		4
8			3		4		7	
	4			5		8		
3		8			1		4	
	1			4		9		7
		4			2		1	
1				3		4		8
	8		2		9		3	
		9		1		2		5

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.46 का हल

6	7	9	2	4	5	3	1	8
2	1	8	3	7	6	9	5	4
7	6	4	5	2	8	1	3	9
3	8	1	6	9	7	2	4	5
9	2	5	4	1	3	8	6	7
8	3	7	9	6	4	5	2	1
5	4	2	8	3	1	7	9	6
1	9	6	7	5	2	4	8	3
4	5	3	1	8	9	6	7	2